दैनिक जागरण
भोपाल, 28 दिसंबर 2025

# राजधानी जागरण

•11• राज्य •31• संस्करण

मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

www.dainikjagranmpcg.com



**राजधानी का तापमान/मौसम**

अधिकतम 24.5°c | न्यूनतम 04.6°c

राजधानी में सर्दी का मौसम शुरू हो गया है, आज भी तापमान गिर सकता है

## संक्षिप्त खबरें

### तीर्थधाम में आज आत्मार्थी निलय का होगा शिलान्यास

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** दीवानगंज में रविवार को तीर्थधाम ज्ञानोदय में डॉक्टर संजीव कुमार गोधा आत्मार्थी निलय का भव्य शिलान्यास समारोह कार्यक्रम सुबह जिनेंद्र भगवान के अभिषेक, पूजन के बाद शिलान्यास सभा एवम शिलान्यास विधि संपन्न होगी। संरक्षक एवं प्रवक्ता अरुण वर्धमान द्वारा बताया कि समारोह में कृषि एवम ग्रामीण विकास केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह जी चौहान, सागर विधायक शैलेन्द्र जैन, सांची विधायक प्रभुराम चौधरी, विदिशा विधायक मुकेश टंडन, रायसेन भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा सहित कई और अतिथिगण की उपस्थिति में मुख्य निर्माणकर्ता परिवार प्रदीप-कुसुम, चौधरी परिवार किशनगढ़ और महेंद्र-मंजू गोधा, संस्कृति, आर्जव गोधा परिवार जयपुर, अनूप कटारिया परिवार इंदौर के कर - कमलों पूर्वक सानंद संपन्न होगा। ज्ञानोदय गेम जॉन का भी भव्य शिलान्यास सुधीर, सिद्धांत परिवार कटनी और समस्त सुभाष ट्रांसपोर्ट परिवार के कर कमलों पूर्वक संपन्न होगा।

### 31 से चार जनवरी तक स्कूलों की रहेगी छुट्टी

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रदेश के सरकारी और सभी बोर्ड से मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में शीतकालीन अवकाश 31 दिसंबर से चार जनवरी 2026 तक रहेगा। मिशनरी द्वारा संचालित स्कूल क्रिसमस के चलते 25 दिसंबर से पहले ही छुट्टी घोषित कर देते थे। ऐसे में शासन द्वारा घोषित अवकाश तिथियों की अवहेलना हो जाती थी। इसलिए सरकार ने एक जैसी अवकाश व्यवस्था करने के लिए यह बदलाव किया है। इस बार शीतकालीन अवकाश शासन द्वारा घोषित तिथि के अनुसार ही रहेगा और इसे लेकर सरकार सख्त हो गई है। शीतकालीन अवकाश 31 दिसंबर से शुरू होकर तीन जनवरी तक रहेगा। चार जनवरी को रविवार है। स्कूल पांच जनवरी 2026 से खुलेंगे।

### भेल कालेज के प्रथम प्राचार्य के चित्र का किया अनावरण

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** बाबूलाल गौर शासकीय पीजी कालेज भेल के सेमीनार हाल में प्रथम प्राचार्य डा. डीवी जैसवाल के चित्र का अनावरण मंत्री कृष्णा गौर द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंत्री गौर ने कहा कि किसी भी संस्था को प्रारंभ करने में बहुत चुनौतियां होती हैं। डा जैसवाल के कुशल नेतृत्व ने उनका सूझबूझ से सामना किया परिणामस्वरूप आज यह एक प्रतिष्ठित कालेज बन पाया है। जनभागीदारी अध्यक्ष बारेलाल अहिरवार, प्राचार्य डा संजय जैन, सदस्य तेजसिंह ठाकुर सहित समस्त कालेज परिवार ने अपने श्रृद्धा सुमन पुष्पांजलि के रूप में अर्पित किए। जनभागीदारी समिति की बैठक में लिए निर्णय अनुसार नवीन भवन में स्थित एक सभागार का नाम कालेज के प्रथम प्राचार्य डीवी जैसवाल सभागार के रूप में किया गया है।

### साईंधाम नेहरू नगर का 32वां स्थापना दिवस आज

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** साईं कृपा सेवा समिति एवं न्यास द्वारा साईं धाम नेहरू नगर का 32वां स्थापना दिवस रविवार को मनाया जाएगा। न्यास के अध्यक्ष प्रभात सोनी व सचिव प्रमोद नेमा ने बताया सुबह नौ बजे अभिषेक, हवन पूर्णाहुति, महाआरती एवं खिचड़ी वितरण होगा। सांयकाल भजन संध्या एवं राजधानी के विभिन्न मठों के साधु, सन्त, महंतो तथा अतिथियों का सम्मान एवं खजाना वितरण होगा। व्यवस्थापक विश्वबंधु सोनी ने बताया कि 32 वर्ष पूर्व ब्रह्मलीन संत मंगलम द्वारा साईंधाम की स्थापना की गई थी। यहां पर उन्होंने राजधानी का प्रथम भारत माता तथा देश की आजादी में योगदान देने वाले शहीदों की मूर्तियां स्थापित कर मंदिर बनवाया था।

# एक रैक चलने से डेढ़ घंटे बाद मिल रही मेट्रो सुभाष नगर से एम्स जाकर लौटना महंगा

## रिटर्न टिकट की भी सुविधा नहीं, टिकट बनवाने स्टेशन से बाहर निकलकर फिर आना पड़ रहा अंदर

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** मेट्रो में घूमने के लिए सुभाष नगर से एम्स जाने वाले लोगों को यह सफर महंगा पड़ रहा है। इसका कारण मेट्रो प्रशासन द्वारा यात्रियों को रिटर्न टिकट की सुविधा नहीं देना है। साथ ही यात्रियों के लिए चलाया जा रहा एक ही रैक भी लोगों की जेब पर भारी पड़ रहा है। दरअसल 22 दिसंबर को शुरू हुई भोपाल मेट्रो में अभी एक ही रैक का संचालन एक ट्रैक पर किया जा रहा है, जिसके कारण जो यात्री सुभाष नगर से एम्स तक जाते हैं उन्हें वापसी का टिकट बनवाने में 25 मिनट का समय लग जाता है और प्लेटफार्म तक पहुंचने से पहले ही रैक सुभाष नगर के लिए रवाना हो जाता है। जिसके कारण यात्रियों को सुभाष नगर लौटने के लिए एक घंटे का इंतजार करना पड़ता है। इस कारण कई यात्री अपने वाहनों तक पहुंचने के लिए यात्री आटो या टैक्सी लेकर सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन तक पहुंच रहे हैं। वर्तमान में जो भी लोग मेट्रो में सफर कर रहे हैं, उनमें से 80 फीसदी केवल घूमने और शहर का सौंदर्य देखने के लिए ही मेट्रो का उपयोग कर रहे हैं। ऐसे में समय पर संचालन व रिटर्न टिकट की सुविधा से इन लोगों की समस्याओं को खत्म किया जा सकता है।



### 22 दिसंबर के बाद क्रिसमस पर जुटी भीड़

22 दिसंबर को मेट्रो की शुरुआत के दिन भारी संख्या में शहरवासी मेट्रो का जायजा लेने के लिए पहुंचे थे। पहले दिन करीब 7114 टिकट कटे थे, लेकिन उसके बाद से ही यात्रियों की संख्या गिरी और टिकट कटना भी कम हुए, लेकिन 25 दिसंबर को एक बार फिर टिकटों की बिक्री में उछाल देखने को मिला, लेकिन 26 दिसंबर को बिक्री फिर से नीचे चली गई।

| | |
|---|---|
| 22 दिसंबर | 7114 |
| 23 दिसंबर | 2896 |
| 24 दिसंबर | 1810 |
| 25 दिसंबर | 4551 |
| 26 दिसंबर | 1591 |

### मेट्रो प्रशासन का तर्क घूमने के लिए नहीं है मेट्रो

मामले में मेट्रो के अधिकारियों का तर्क है कि मेट्रो घूमने के लिए नहीं है। इसका उद्देश्य आपको एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाना है। वर्तमान में ज्यादातर लोग केवल घूमने के उद्देश्य से पहुंच रहे हैं। इस कारण यह समस्या खड़ी हो रही है। अभी रिटर्न टिकट की सुविधा नहीं है, फिलहाल यात्रियों को सुरक्षा के चलते स्टेशन से बाहर निकलकर फिर इंटर होकर टिकट बनवाने पड़ेंगे।

### इस कारण हो रही समस्या

- **धीमी रफ्तार :** वर्तमान में केवल एक ही लाइन पर एक ही रैक का संचालन किया जा रहा है, जो रैक चलाया जा रहा है। उसकी रफ्तार कम है। इस रैक को 7.5 किमी की दूरी तय करने में 35 मिनट से ज्यादा का समय लग रहा है। जो मेट्रो प्रशासन द्वारा तय समय से 10 मिनट अधिक है।
- **रिटर्न टिकट की सुविधा न होना :** मेट्रो प्रशासन द्वारा रिटर्न टिकट की सुविधा नहीं दी जा रही है, जिसके कारण यात्रियों को सफर तय करने के बाद फिर से टिकट बनवाना पड़ रहा है। टिकट बनवाने के लिए यात्रियों को प्लेटफार्म से नीचे उतरकर कॉन्कॉर्स एरिया आना पड़ता है। इतने में ही रैक के रवाना होने का समय हो जाता है।
- **वापसी टिकट बनवाने के लिए :** चैकिंग के बाद कॉन्कॉर्स एरिया में पहुंचकर जो यात्री एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन तक का टिकट बनवा लेते हैं। उन्हें फिर से रिटर्न टिकट बनवाने के लिए कॉन्कॉर्स एरिया के बाहर निकलना पड़ता है। जिसके कारण उन्हें मेट्रो स्टेशन से एग्जिट होकर फिर से इंटर होना पड़ता है, जिसके बाद टिकट बनवाने के बाद फिर से चैकिंग प्वाइंट से गुजरकर प्लेटफार्म तक जाना पड़ रहा है। इस पूरे काम में 25 मिनट का समय लग रहा है।

# सब इंस्पेक्टर के मोबाइल पर लिंक भेजकर उड़ाए 3 लाख

## जालसाजों ने ठगी की रकम से की खरीदारी

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) में पदस्थ एक सब इंस्पेक्टर (एसआई) के साथ 3 लाख रुपए की ठगी हो गई। जालसाज ने उनके मोबाइल पर लिंक भेजकर वारदात को अंजाम दिया। ठगी की रकम से आरोपी खरीदारी की। इस संबंध में उन्होंने सायबर सेल मुख्यालय में शिकायत की थी। जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का शून्य पर केस दर्ज कर डायरी जहांगीराबाद थाना पुलिस को भेज दी है। असल कायमी के बाद जहांगीराबाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक 61 वर्षीय जुल्फीकार अली खान सीआई कालोनी जेल रोड जहांगीराबाद में रहते हैं। वह पुलिस विभाग में एसआई हैं। वर्तमान में पीएचक्यू की प्रशिक्षण शाखा में पदस्थ हैं। बीती 23 दिसंबर को एसआई लाल परेड ग्राउंड में आयोजित वन मेले गए थे। जहां पर उन्होंने भवानी सिंह की पचमढ़ी स्टॉल से 15 सौ रुपए की जड़ी-बूटी खरीदी। फोन पे के माध्यम से उन्होंने क्यूआर कोड स्कैन पर पेमेंट करने का प्रयास किया, लेकिन पेमेंट नहीं हुआ। इस पर भवानी सिंह ने उनका मोबाइल लिया और फोन पे से अपने क्यूआर कोड स्कैन पर पेमेंट कर लिया और मोबाइल वापस कर दिया।

### कुल 9 ट्रांजेक्शन में रकम की ट्रांसफर

दोपहर करीब सवा तीन बजे उनके मोबाइल पर एसबीआई योनो की एक लिंक आई। इसके बाद उनके खाते से लगातार पांच ट्रांजेक्शन से कुल 1.62 लाख और दूसरे खात से चार बार में 1.40 लाख रुपए का ट्रांजेक्शन होने के मेसेज आए। इस तरह उनके दोनों खातों से कुल करीब 3 लाख रुपए निकाल लिए गए। जांच में सामने आया है कि इन पैसों से जालसाज ने खरीदारी की है।

### मोबाइल पर आई लिंक को ओपन किया होगा

जबकि पीड़ित का कहना है कि पचमढ़ी स्टॉल पर पेमेंट के बाद न तो उनके पास कोई कॉल आया और न ही मेसेज आया। किसी ने ओटीपी भी नहीं भेजा, फिर पैसे कट गए। पुलिस को अंदेशा है कि पीड़ित ने अपने मोबाइल पर आई लिंक को ओपन किया होगा, इसके बाद उनके साथ ठगी हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## देर रात खाना खाकर लौट रहा था, दोस्तों को कार में बेसुध मिला

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** कोलार रोड इलाके में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। शुक्रवार देर रात वह खाना खाने के बाद लौट रहा था तभी रास्ते में अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। मौके पर पहुंचे दोस्तों को वह कार में बेसुध मिला। दोस्त उसे अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शनिवार को पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस के मुताबिक 24 वर्षीय ईशान दुबे नेहरू नगर में रहता था। वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। शुक्रवार रात को वह कोलार इलाके में स्थित एक रेस्टोरेंट में गया। जहां से खाना खाने के बाद घर लौट रहा था। वह अभी डी मार्ट के पास पहुंचा था, अचानक उसे सीने में दर्द होने के साथ घबराहट हुई। उसने कॉल पर दोस्त राज को कॉल किया। राज अन्य दोस्त के साथ मौके पर पहुंचा। यहां ईशान कार में ड्रायविंग सीट पर बेसुध पड़ा था। तत्काल वे उसे पास स्थित अस्पताल ले गए। यहां से उसे हमीदिया रेफर कर दिया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। ईशान का दो दिन पहले जन्मदिन था। तीन दोस्तों के साथ उसने 24वां जन्मदिन सेलिब्रेट किया था। वह नेहरू नगर में मां के साथ रहता था। जोकि सेंट्रल गवर्नमेंट इंप्लॉय हैं। उसके पिता के पूर्व में निधन हो चुका है। वह इकलौता बेटा था। एमए करने के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। पुलिस की जांच जारी है।



### चार साल से मायके में रह रही महिला ने लगाई फांसी

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** कटारा हिल्स इलाके में चार साल से मायके में रह रही महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उसका ससुराल वालों से किसी बात पर विवाद चल रहा था। मृतका ने कोई सुसाइड नोट नहीं है, जिससे आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के मुताबिक, निकिता सूर्यवंशी (25) पति मनीष सूर्यवंशी ग्राम झागरिया में रहती थी। वह गृहणी थी। पांच साल पहले उसकी मनीष से शादी हुई थी। मनीष पहले वीडियोग्राफी का काम करता था। इन दिनों आटो चलाता है। शादी के एक साल तक तो ठीक नहीं लेकिन बाद में उनके बीच विवाद होने लगे। इसके बाद निकिता मायके मां के पास आ गई।

# बोर्ड परीक्षा के दौरान शिक्षकों को नहीं मिलेगी छुट्टी, सरकार ने लगाया एस्मा

## एक फरवरी से 30 अप्रैल तक लागू, सेवाएं हड़ताल पर नहीं बैठ पाएंगे शिक्षक और कर्मचारी

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं से जुड़े शिक्षक और मंडल कर्मचारी अब परीक्षा कार्य से इंकार नहीं कर सकेंगे। राज्य सरकार ने बोर्ड परीक्षा से संबंधित सेवाओं को आवश्यक सेवा घोषित कर दिया है। इस संबंध में गृह विभाग ने आदेश जारी कर एस्मा लागू किया है। आदेश के मुताबिक मध्यप्रदेश अत्यावश्यक सेवाएं संधारण तथा विवाद निवारण अधिनियम (एस्मा) के तहत यह निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत बोर्ड परीक्षाओं से जुड़े सभी कार्य परीक्षा संचालन, पर्यवेक्षण, उत्तरपुस्तिकाओं का प्रबंधन, मूल्यांकन सहित अन्य जिम्मेदारियां अनिवार्य होंगी। निर्धारित अवधि में इन कार्यों से इंकार नहीं किया जा सकेगा। सरकार ने यह व्यवस्था एक फरवरी 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक लागू की है। इस दौरान माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध शिक्षक व कर्मचारी परीक्षा ड्यूटी से बच नहीं सकेंगे। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि अत्यावश्यक सेवा घोषित होने के बाद कार्य में बाधा डालना या ड्यूटी से मना करना कानून के उल्लंघन की श्रेणी में आएगा। दसवीं-बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं के दौरान शिक्षकों को छुट्टी नहीं मिलेगी। यहां तक धरना-प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को कार्रवाई तक से गुजरना होगा। एमपी सरकार ने बोर्ड परीक्षाओं के दौरान एस्मा एक्ट लागू कर दिया है। मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं बोर्ड की परीक्षाएं आगामी सात फरवरी से पांच मार्च तक चलेंगी। दोनों परीक्षाओं में 18 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। बोर्ड परीक्षाओं को लेकर शासन ने एसेंशियल सर्विस एंड मेंटेनेंस (एस्मा) लगाने का आदेश जारी कर दिया है। ऐसे में शिक्षक सामान्य के साथ संतान पालन अवकाश (सीसीएलई) के लिए अवकाश नहीं ले पाएंगे। परीक्षा के दौरान शिक्षकों को किसी भी तरह के आंदोलन या धरना-प्रदर्शन की भी अनुमति नहीं होगी। मप्र बोर्ड की परीक्षा अति आवश्यक सेवा घोषित की गई है। इस वजह से परीक्षा की पूरी अवधि में एस्मा एक्ट लागू रहेगा। इस अवधि में परीक्षाओं में नियुक्त कर्मचारी, अधिकारी और अन्य स्टाफ अवकाश नहीं ले पाएंगे और हड़ताल भी नहीं कर सकेगा।



### डीईओ आफिस में लंबित हैं आवेदन

परीक्षा के पहले कई शिक्षकों ने छुट्टी के लिए आवेदन लगा रखे हैं। डीईओ कार्यालयों में कई शिक्षकों के आवेदन लंबित हैं। जिला शिक्षा अधिकारी एनके अहिरवार का कहना है कि सीसीएल के अभी तक जो आवेदन किए थे वह 31 दिसंबर तक की छुट्टी के थे। इसके बाद सीएल बेहद ही गंभीर प्रकरणों में दी जाएगी। वह भी 20 जनवरी तक के लिए रहेगी। इसके बाद सीएल नहीं जाएगी।

**अय्यपा मंदिर में भक्तों की कतार**



तुलसी नगर स्थित अय्यपा मंदिर में दीप जलाकर मंडपम पूजा का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं की लाइन लगी रही। छाया: एचसी वर्मा

# आरकेएमपी व भोपाल स्टेशन पर बढ़ेगी ट्रेनों की संख्या

## निशातपुरा और संत हिरदाराम नगर का भी होगा विकास

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** राजधानी के रेलवे स्टेशनों की तस्वीर वर्ष 2030 तक एक दम बदल जाएगी। रेल मंत्रालय द्वारा बनाए गए रोडमैप में भोपाल के तीन स्टेशनों को शामिल किया गया है। इनमें रानी कमला पति, भोपाल और निशातपुरा रेलवे स्टेशन का नाम शामिल हैं। यहां वर्ष 2030 तक सभी सुविधाएं जुटाई जाएंगी और इनमें इजाफा भी किया जाएगा। भोपाल रेल मंडल कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार वर्तमान में भोपाल व आरकेएमपी स्टेशन से हर दिन 30 ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है, यानि 30 ट्रेनें इन स्टेशनों से शुरू होती हैं और यहां आकर खत्म होती हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर में बढ़ावा होने के बाद यहां से ऑपरेट होने वाली ट्रेनों की संख्या 45 तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अलावा भोपाल और निशातपुरा स्टेशनों पर प्लेटफार्म की लंबाई, रेलवे यार्ड की संख्या में बढ़ोतरी और अन्य जरूरी सुविधाएं जोड़ने का लक्ष्य है।

### निशातपुरा रेलवे स्टेशन

निशातपुरा स्टेशन को भोपाल क्षेत्र के मेगा कोचिंग मेंटेनेंस हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां वंदे भारत ट्रेनों के लिए मेंटेनेंस कोचिंग डिपो तैयार किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कुछ और नए कार्य होंगे।

- नए पिट लाइन का निर्माण
- ऑटोमेटिक कोच वॉशिंग प्लांट
- व्हील लेथ लाइन
- ईओटी क्रेन, सिंक्रोनाइज्ड लिफ्टिंग जैक
- प्रशासनिक भवन
- मेकेनाइज्ड लॉन्ड्री
- अमृत भारत/एलएचबी कोचों के लिए अतिरिक्त लूप लाइनों एवं आइलैंड प्लेटफॉर्म का प्रावधान किया जा रहा है।

### संत हिरदाराम नगर स्टेशन

महाकुंभ जैसे बड़े आयोजनों के दौरान अतिरिक्त ट्रेनों के संचालन को ध्यान में रखते हुए संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर भी यार्ड रीमॉडलिंग एवं अतिरिक्त लूप/स्टेबलिंग लाइनों का प्रावधान प्रस्तावित है, जिससे 5 कोचिंग ट्रेनों की स्टेबलिंग क्षमता बढ़ेगी।

### रानी कमलापति रेलवे स्टेशन

रानी कमलापति स्टेशन पर कोचिंग क्षमता बढ़ाने के लिए चरणबद्ध रूप से कई महत्वपूर्ण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इन कार्यों के पूरा होने से रानी कमलापति स्टेशन पर कुल 7 अतिरिक्त ट्रेनों के आपरेट की क्षमता विकसित होगी तथा कोचिंग स्टेबलिंग क्षमता में भी वृद्धि होगी।

**यह कार्य होंगे**

- आईओएच शेड का निर्माण
- 3 पिट लाइनों का नवीनीकरण
- प्लेटफॉर्म 4 एवं 5 को पृथक करने के लिए यार्ड संशोधन
- अतिरिक्त लूप एवं स्टेबलिंग लाइनों का प्रावधान
- यार्ड रीमॉडलिंग (फेज-टू एवं फेज-थ्री) शामिल हैं।

### भोपाल रेलवे स्टेशन

भोपाल रेलवे स्टेशन को भविष्य की यात्री मांग के अनुरूप विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त किया जा रहा है। यहां वर्तमान में हर दिन 65 हजार से अधिक यात्रियों का फुटफाल है। इसे देखते हुए सुविधाओं में विस्तार किया जा रहा है।

**यह कार्य होंगे**

- नया मुख्य स्टेशन भवन बनेगा
- नया द्वितीय प्रवेश भवन बनेगा
- 2160 वर्गमीटर का आधुनिक कॉनकोर्स, 24 मीटर चौड़ाई
- 2 नए एफओबी, 33 लिफ्ट, 30 एस्केलेटर
- मल्टी-लेवल कार पार्किंग
- स्मार्ट स्टेशन, ग्रीन बिल्डिंग, सोलर पैनल, वर्षा जल संचयन, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं।

**मौसम** वर्ष 2021 में रिकार्ड किया गया था 4 डिग्री तापमान, एक सप्ताह बाद चली शीत लहर

# भोपाल में 4 साल बाद दिसंबर की सबसे सर्द रात

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** राजधानी भोपाल में शनिवार को ठंड ने पिछले चार साल का रिकार्ड तोड़ दिया। शहर का न्यूनतम पारा 4.6 डिग्री रिकार्ड किया गया। यह इस साल का अब तक का सबसे कम तापमान है। मौसम केंद्र भोपाल से मिली जानकारी अनुसार इससे पहले 20 दिसंबर वर्ष 2021 में पारा 4 डिग्री पहुंच गया था। हालांकि जनवरी में इससे भी कम पारे का रिकार्ड है। लेकिन यहां दिसंबर की बात हो रही है। शनिवार की रात भोपाल में इस सीजन की सबसे सर्द रात रही। शहर में तेज ठंड का दौर रात 10 बजे के बाद से ही शुरू हो गया था। रात 11.30 बजे भोपाल का तापमान 9.6 डिग्री पर पहुंच गया था, इसके बाद लगातार पारा गिरता चला गया और सुबह 4 बजे के आस पास सबसे निचले स्तर पर रिकार्ड किया गया, जो कि 4.6 डिग्री रहा। राजधानी में एक सप्ताह बाद फिर से शीत लहर का दौर शुरू हो गया है। शनिवार की रात पारा गिरने से यहां कोल्ड वेव रिकार्ड की गई। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो से तीन दिन भोपाल का मौसम ऐसा ही रहने वाला है। शनिवार को भोपाल का न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री रहा, जो कि सामान्य से 6.1 डिग्री कम था। जब भी न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री कम होता है तो उसे कोल्ड वेव माना जाता है।



### दिसंबर 1966 में 3.1 डिग्री गया था पारा

राजधानी में पारे की गिरावट का ऐतिहासिक रिकार्ड देखा जाए तो अब तक दिसंबर में सबसे कम तापमान 11 दिसंबर 1966 को रिकार्ड किया गया, तब न्यूनतम पारा 3.1 डिग्री दर्ज किया गया था। इसके बाद दिसंबर 2021 में न्यूनतम पारा 4 डिग्री दर्ज किया गया। अब चार साल बाद यह नया रिकार्ड बना है। हालांकि इस साल ला नीना के कारण सर्दी के कई रिकार्ड टूट रहे हैं और कई नए रिकार्ड बन रहे हैं। करीब दस दिन पहले भी 17 दिसंबर को न्यूनतम पारा 4.8 डिग्री रहा था।

### बीती रात ऐसी रही पारे की चाल

| | |
|---|---|
| 11:30 बजे | 9.6 |
| 2:30 बजे | 8.4 |
| 5:30 बजे | 6.2 |
| 8:30 बजे | 10.0 |
| 11:30 बजे | 20.2 |

### नवंबर में टूट चुका है 87 साल का रिकार्ड

इस वर्ष ठंड रिकार्ड लगातार तोड़ रही है। इसकी शुरुआत नवंबर से हुई थी। जानकारी अनुसार करीब सवा महीने पहले यानि 17 नवंबर को भोपाल न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री दर्ज हुआ था, यह नवंबर के महीने में सबसे कम था, इस रिकार्ड ने पिछने 84 साल का रिकार्ड तोड़ा था। इससे पहले 30 नवंबर 1941 को भोपाल का न्यूनतम पारा 6.1 और 1938 में 5.6 डिग्री दर्ज किया गया था। 17 नवंबर को यह दोनों रिकार्ड टूट गए और बीते 87 वर्षों में कभी भी नवंबर के महीने में भोपाल का न्यूनतम पारा 5.2 डिग्री कभी नहीं पहुंचा। हालांकि यहां आपको बता दें कि भोपाल में न्यूनतम पारे का ऑल टाइम रिकार्ड दिसंबर 1941 है, जब पारा 1 डिग्री रिकार्ड किया गया था।

### शहर के कई इलाकों में आज बिजली कटौती

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** रविवार को शहर के कई इलाकों में बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से मिली जानकारी के अनुसार आज छावनी रोड, थाना मंगलवारा, आजाद मार्केट, गल्ला बाजार, जुमेराती गेट, कायस्थपुरा, गूजरपुरा और ओल्ड कबाड़खाना, डॉक्टर क्वार्ट्स, सईदिया स्कूल, सेंट्रल लाइब्रेरी, इतवारा रोड, इतवारा ट्रांसपोर्ट, लालवानी प्रेस रोड, गुलियादाई की गली, यादगार ए शाहजहांनी पार्क, लेडी अस्पताल सहित आसपास के इलाकों में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। भोईपुरा, हमीदिया कालेज, कालिका मंदिर, तलैया थाना, बैंड मास्टर चौराहा, भगवान सहाय रोड, पुल पातरा व आसपास और ओम नगर, सावन नगर, हलालपुर बस स्टैंड, बैरागढ़ रोड, लैक एंड गार्डन, आरके रेसीडेंसी सहित व आसपास सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

# जब भोपाल घंटों के लिए हॉकिन्स बन गया...



**जागरण, भोपाल।** 26 दिसंबर की शाम भोपाल के एक हिस्से में शहर के कुछ युवाओं ने हॉकिन्स का एक समानांतर संसार रचा। लालघाटी की इंद्रा विहार कॉलोनी स्थित अजहर एन्क्लेव में जैसे ही घड़ी ने तीन बजाए, वहां मौजूद लोग दर्शक नहीं रहे। वे धीरे-धीरे हॉकिन्स के नागरिक बनते चले गए, जहां डर, जिज्ञासा और दोस्ती एक ही धागे में बंधे थे। यहां 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के पांचवें सीजन के 3 एपिसोड को एक साथ देखा जा रहा था। 'स्ट्रेंजर थिंग्स' की यह वॉच पार्टी एक आयोजन से ज्यादा अनुभव थी। प्रोजेक्टर पर सीरीज के तीन एपिसोड, चारों ओर 'स्ट्रेंजर थिंग्स' थीम डेकोर, हल्की रोशनी, हॉकिन्स की याद दिलाता माहौल, पॉपकॉर्न की खुशबू और गर्म-ठंडे नॉन-अल्कोहोलिक ड्रिंक्स, सब कुछ ऐसा था मानो भोपाल कुछ घंटों के लिए अपसाइड डाउन से जुड़ गया हो। इलेवन और काली के संवादों, विल के वैग्ना के दिमाग में गई चहलकदमी और संगीत की धुनों के बीच मैक्स और लुकास के मिलने के पलों कमरा में सघन चुप्पी छाई रही, तो हॉली के आंसुओं में सभी एक साथ सराबोर हुए। हर ट्विस्ट पर एक साथ उछलती सांसें। इसके बाद एपिसोड खत्म होते ही फैन थ्योरीज बहने लगीं। अजनबी लोग भी परिचित हो गए, क्योंकि सब एक ही कहानी में अपनी-अपनी बेचैनियां देख रहे थे।

## संडे प्लानर

### लेट्स वॉच

**मूवी**
एनाकोंडा
कोपेनहेगन टेस्ट
(जियो हॉटस्टार)
तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी
(थिएटर)




**मंच एण्ड फन**
मटका ब्लास्ट
400 रुपये
डोसा क्राफ्ट
न्यू मार्केट, नानके पेट्रोल पंप



**पॉटरी**
भोपाल पॉटरी
दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक
स्टारबक्स, भोपाल



**रिलेक्सिंग ईव**
'हमारे राम'
रवींद्र भवन
शाम 7 बजे



# स्क्रीन के पार स्ट्रेंजर्स थिंग्स के किरदारों से जुड़ी धड़कनें

## कहानी खत्म हुई, हॉकिन्स नहीं





शो के बाद की प्रतिक्रियाएं उसी साझी अनुभूति का विस्तार थीं। हसन अली ने कहा, 'मैं सिर्फ एक एपिसोड के लिए आया था, लेकिन माहौल इतना अच्छा था कि समय का पता ही नहीं चला। खूबसूरत जगह और शानदार होस्टिंग।'

सृष्टि अग्रवाल ने कहा, 'लोगों के साथ मिलकर शो देखना एक बेहतरीन अनुभव रहा। मेहमाननवाजी और आयोजन वाकई खास था।'

इस शाम की सूत्रधार सना अजहर के लिए यह आयोजन सिर्फ एक फैन इवेंट नहीं था, बल्कि एक कम्युनिटी की नींव थी। उनका कहना था कि जब कहानी अपने अंत की ओर बढ़ रही हो, तो उसे अकेले नहीं, साथ मिलकर देखा जाना चाहिए, ताकि फिनाले से पहले उत्साह भी साझा हो और स्मृतियां भी।

आठ बजे स्क्रीन बंद हुई, पर हॉकिन्स बंद नहीं हुआ। लोग तस्वीरें लेते रहे, बातें चलती रहीं, और भीतर कहीं यह सवाल गूंजता रहा कि अगर कोई कहानी देखनी ही है, तो ऐसे लोगों के साथ क्यों न देखी जाए जो उसे महसूस भी करते हों?

भोपाल की इस छोटी-सी पहल ने यही साबित किया कि कहानियां महज देखी नहीं जातीं, सही लोगों के साथ हों, तो वे जिया हुआ अनुभव बन जाती हैं। सना कहती हैं, 'हम सभी इस सीरीज को इसके रिलीज से देखते आ रहे हैं और अब जब यह अपने अंत की ओर है, तो लगा कि भोपाल के फैंस को एक साथ लाया जाए। वॉल्यूम 2 की यह वॉच पार्टी 1 जनवरी 2026 को आने वाले फिनाले के लिए उत्साह बनाने का तरीका थी।'

## मूवी रिव्यू
### तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी

**कास्ट** कार्तिक आर्यन, अनन्या पांडे, जैकी श्रॉफ, नीना गुप्ता, टीकू तलसानिया, ग्रूशा कपूर
**डायरेक्टर** समीर विद्वांस
**श्रेणी** हिंदी, रोमांटिक, कॉमेडी
**क्रिटिक रेटिंग** 2.5/5
**अवधि-** 2 घंटा, 25 मि.

कहां देखें- थियटर्स

# रिश्तों में बराबरी और समझदारी की पैरवी



रोम-कॉम फिल्में हमेशा से बॉलीवुड की पहचान रही हैं। जब रोमांटिक-कॉमेडी के हल्के-फुल्के मनोरंजन में कोई सशक्त संदेश पिरो दिया जाए, तो वह कहानी सिर्फ हंसाती ही नहीं, बल्कि सोचने पर भी मजबूर करती है। निर्देशक समीर विद्वांस की 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' भी ऐसी ही एक रोमांटिक-कॉमेडी है, जो मुस्कुराहटों के बीच एक जरूरी बात कहती है। प्यार को पाने के लिए हमेशा लड़की को ही अपना घर-बार छोड़ना पड़े, यह कोई अनिवार्य नियम नहीं है। यह फिल्म रिश्तों में बराबरी और समझदारी की पैरवी करती है, और इसी वजह से मनोरंजन के साथ-साथ एक सकारात्मक संदेश भी देती है।

### एक्टिंग

की बात करें, तो इस रोम-कॉम में कार्तिक आर्यन ने रे की भूमिका में वो तमाम रंग भरे हैं, जो रोमांस, कॉमेडी और इमोशन से भरपूर हैं। अनन्या होती गई हैं। उन्होंने रूमी की भूमिका को प्रभावी तरीके से निभाया है। दोनों की केमेस्ट्री पर्दे पर खिलती है। नीना गुप्ता हमेशा की तरह शानदार रही हैं, जबकि जैकी श्रॉफ के अभिनय में उनका बरसों का अनुभव झलकता है।

### कहानी

कहानी की शुरुआत रेहान उर्फ रे और रूमी से होती है। रे (कार्तिक आर्यन) एक जिंदादिल बेपरवाह युवक है, अपनी सिंगल पैरंट पिंकी (नीना गुप्ता) के साथ वेडिंग प्लानर का कारोबार संभालता है। दूसरी ओर रूमी (अनन्या पांडे) एक संवेदनशील लेखिका है, जो जीवन को लेकर परिपक्व और व्यावहारिक नजरिया रखती है। उसे नब्बे के दशक के प्यार की तलाश है। उसका परिवार आगरा में रहता है। एक रिटायर्ड फौजी पिता कर्नल अमर वर्धन सिंह (जैकी श्रॉफ) और एक बहन, जिनसे उसका गहरा भावनात्मक जुड़ाव है। क्रोएशिया की एक क्रूज यात्रा के दौरान रे और रूमी की टक्कर होती है। शुरुआती नोक-झोंक धीरे-धीरे दोस्ती में बदलती है और फिर यह रिश्ता प्यार का रूप ले लेता है। कहानी एक दिलचस्प मोड़ लेती है, जब रे अपनी रूमी को शादी का प्रस्ताव देता है। रे की जिंदगी अमेरिका में अपनी मां के साथ सेटल है। लेकिन रूमी के सामने भारत में अपने पिता और बहन की जिम्मेदारियां खड़ी हैं। रूमी के सामने एक कठिन फैसला आ खड़ा होता है, प्यार या परिवार। क्या रे और रूमी की प्रेम कहानी यहीं अधूरी रह जाएगी, या फिर यह रिश्ता तमाम अड़चनों को पार कर परिणय तक पहुंचेगा? इसका जवाब जानने के लिए आपको फिल्म देखनी होगी।

### मूवी रिव्यू

सत्यप्रेम की कथा का निर्देशन कर चुके डायरेक्टर समीर विद्वांस की यह रोम-कॉम अपने आजमाए हुए नुस्खों के साथ आगे बढ़ती है। फिल्म का फर्स्ट हाफ काफी स्लो है। निर्देशक नायक और नायिका के बीच की नोक-झोंक और प्यार-मोहब्बत में काफी वक्त लगा देते हैं। हालांकि क्रोएशिया की चमकदार लोकेशंस आंखों को सुकून देती हैं, कहानी में कुछ खास नहीं होता। सेकंड हाफ रफ्तार पकड़ती है मगर निर्देशक के सब प्लॉट्स भी काफी जाने -पहचाने और सहूलियत भरे मालूम पड़ते हैं। फिर क्लाइमैक्स एक मजबूत मेसेज और फीलगुड के साथ खत्म होता है। संगीत की बात करें, तो विशाल शेखर के म्यूजिक में दिल मुसाफिर और टाइटल ट्रैक अच्छे बन पड़े हैं।

### क्यों देखें

क्रिसमस और नए साल के जश्न के माहौल में रोमांटिक -कॉमेडी के शौकीन हैं तो यह फिल्म देख सकते हैं।

## केरल विस के सदस्यों का मानव संग्रहालय भ्रमण



**जागरण, भोपाल।** अखिल भारतीय अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम दिसंबर 2025 के अंतर्गत केरल विधान सभा की हाउस कमेटी के सदस्यों ने शनिवार को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय का भ्रमण किया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विधायक कोवूर कुंजुमोन ने किया। उनके साथ विधायक सीके हरेंद्रन, डॉ. सुजीत विजयंपिल्लई, पीएस सुपाल, समिति के अन्य सदस्य, परिजन तथा अधिकारीगण उपस्थित थे। इस भ्रमण का उद्देश्य भारत की विविध सांस्कृतिक परंपराओं, जनजातीय जीवनशैली, लोक परंपराओं तथा सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण संबंधी प्रयासों का प्रत्यक्ष अध्ययन करना था। करीब 200 एकड़ में फैला मानव संग्रहालय मानव जीवन के विकास, जनजातीय आवासों, पारंपरिक जीवनशैली, लोककला, वेशभूषा, उपकरणों तथा सांस्कृतिक गतिविधियों को अत्यंत प्रभावी ढंग से प्रदर्शित करता है। प्रतिनिधिमंडल ने देश के विभिन्न भागों की जनजातियों एवं समुदायों की सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन पद्धति को दर्शाने वाली प्रदर्शनी दीर्घाओं का अवलोकन किया। संग्रहालय के प्रशासनिक अधिकारी पी. शंकर राव ने प्रतिनिधिमंडल को संग्रहालय की गतिविधियों, अनुसंधान कार्यों, सांस्कृतिक संरक्षण, जनभागीदारी तथा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी।

# हॉस्टल के दिनों वाली चमक नजर आई चेहरों पर

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में शनिवार ग्लोबल एलुमनाई मीट 2025 का आयोजन किया गया। इसमें शामिल होने संस्थान के 1986 बैच के पूर्व छात्र देश विदेश आकर मैनिट कैम्पस में इकट्ठे हुए। कार्यक्रम में विशेष अतिथि रहे वर्तमान में मप्र के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा, जो स्वयं भी मैनिट के पूर्व छात्र हैं। लंबे समय बाद अपने संस्थान लौटे इन पूर्व छात्रों के चेहरों पर वही चमक थी, जो कभी क्लासरूम और हॉस्टल के दिनों में हुआ करती थी। जबकि इनमें से कोई आईएएस अधिकारी बन चुका था, कोई आईपीएस, तो कोई देश-विदेश की बड़ी इंडस्ट्री का मालिक या सीईओ। कई ऐसे चेहरे भी थे, जो विदेशों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं। ज्यादातर की उम्र 60 के पार थी, लेकिन माहौल ऐसा लग रहा था मानो अभी-अभी पासआउट हुए छात्रों का कोई बड़ा ग्रुप हो। जोश और उल्लास से भरे इस माहौल को डीजीपी मकवाणा ने भी खूब एंजॉय किया। आईएएस-आईपीएस से लेकर सीईओ और ग्लोबल प्रोफेशनल्स तक मैनिट के पूर्व छात्रों ने इस मौके पर न सिर्फ दोस्ती निभाई, बल्कि संस्थान के भविष्य में भी बड़ी भूमिका भी निभाई है।



## 'ब्लेजर' परंपरा का सुझाव

डीजीपी मकवाणा ने कहा कि उनके छात्र जीवन के दौरान संस्थान की पहचान एक विशिष्ट रंग के 'ब्लेजर' से होती थी, जो छात्रों में अनुशासन, गर्व और आत्मीयता की भावना को दर्शाता था। उन्होंने मैनिट के निदेशक प्रोफेसर करुणेश कुमार शुक्ला से इस परंपरा को पुनः प्रारंभ करने पर विचार करने का अनुरोध किया। यह आयोजन सिर्फ यादों को ताजा करने तक सीमित नहीं था। इसका मकसद था मैनिट के भविष्य को पूर्व छात्रों की उपलब्धियों और अनुभवों से जोड़ना।

## पुलिस और मैनिट के बीच हुआ करार

आयोजन में मप्र पुलिस और मैनिट के बीच एक करार पर हस्ताक्षर किए। इस करार के तहत संस्थान परिसर में 'सार्वजनिक सुरक्षा उत्कृष्टता केंद्र' की स्थापना की जाएगी, जिसका उद्देश्य तकनीकी नवाचारों को सार्वजनिक सुरक्षा और पुलिसिंग से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ना है। इस अवसर पर डीजीपी मकवाणा ने कहा कि यह उत्कृष्टता केंद्र एक थिंक टैंक एवं प्रशिक्षण केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जो पुलिस और शैक्षणिक जगत के बीच सहयोग का राष्ट्रीय स्तर पर अनुकरणीय मॉडल बनेगा। केंद्र से स्मार्ट पुलिसिंग, साइबर सुरक्षा, डिजिटल फॉरेंसिक, डेटा एनालिटिक्स, क्राउड मैनेजमेंट तथा यातायात प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शोध, नवाचार एवं प्रशिक्षण गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

## करोडों के हुए एमओयू

सम्मेलन के दौरान कई बड़े प्रोजेक्ट्स पर एमओयू साइन हुए और एक आधुनिक थर्मल लैब का उद्घाटन भी किया गया। लैब के लिए मैनिट के एक पूर्व छात्र ने करीब 2 करोड़ रुपये के अलावा अन्य कार्यों के लिए भी पूर्व छात्रों ने करोड़ों रुपए के एमओयू साइन किए। मैनिट वर्तमान और पूर्व डायरेक्टर, फैकल्टी सदस्य और बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे। एक पूर्व डायरेक्टर ने साफ कहा कि अगर आईआईटी में जाने के इच्छुक छात्र मैनिट में पढ़ें और उनका खर्च एल्यूमिनाई उठाएं, तो इससे मैनिट की मेरिट और पहचान दोनों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मैनिट की फैकल्टी के बच्चे ही मैनिट में ही नहीं पढ़ते, बल्कि आईआईटी की तरफ रुख करते हैं। संस्थान प्रशासन चाहता है कि मैनिट से निकलकर ऊंचे मुकाम तक पहुंचे ये लोग अब अपनी मातृसंस्था की प्रगति में भी सक्रिय योगदान दें।

रवींद्र भवन में आशुतोष राणा अभिनीत 'हमारे राम' की 375वीं प्रस्तुति

# सशक्त अभिनय और वीएफएक्स के माध्यम से रामायण की कहानी को नए ढंग से किया प्रस्तुत

**जागरण, भोपाल।** फेलिसिटी थिएटर द्वारा शनिवार को रवींद्र भवन में अभिनेता और रंगकर्मी आशुतोष राणा अभिनीत नाटक 'हमारे राम' की प्रस्तुति दी गई। बड़े पैमाने पर थिएट्रिकल अनुभव असाधारण प्रदर्शन, अविनाशी कॉस्ट्यूम, विशेष प्रभाव और बड़े दृश्यों से भरा रहा। सरल भाषा और कविता में संवादों ने नाटक को रोचक बनाया जिसे देख दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों ने हर-हर महादेव का जयघोष किया। रामायण के अध्यायों को प्रस्तुत करने के लिए रोशनी, बैकग्राउंड स्कोर, एलईडी बैकड्रॉप, लुभावने हवाई अभिनय और उच्च तकनीक वीएफएक्स शामिल है। गौरव भारद्वाज द्वारा निर्देशित इस महान कृति में रामायण के कुछ ऐसे अभूतपूर्व दृश्य दिखाए गए, जिन्हें इससे पहले कभी किसी मंच पर नहीं दिखाया गया।

## रामायण को नए रुप में लाने के लिए डिजाइन किया 'हमारे राम'



फेलिसिटी थिएटर के निर्माता और एमडी राहुल भुचर का कहना है कि 'हमारे राम' को रामायण कहानी में एक नया रूप लाने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है। आशुतोष राणा का रावण का संवेदनशील चित्रण एक सांस्कृतिक तीर्थयात्रा प्रदान करता है। शो में 50 से अधिक डांसर्स के समूह ने रोमांचित कर दिया। मनोरंजन से अधिक 'हमारे राम' एक सांस्कृतिक कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य भावनाओं को जागृत करना, मन को प्रबुद्ध करना और हमारी समृद्ध विरासत पर गर्व पैदा करना है।

आशुतोष राणा ने इस नाट्य प्रस्तुति में रावण की प्रतिष्ठित भूमिका निभाई। वहीं, राम की भूमिका में अभिनेता राहुल आर. भूचर, हनुमान की भूमिका में दानिश अख्तर, तरूण खन्ना शिव की भूमिका में, अमृता परिहार ने माता सीता की और करण शर्मा सूर्य देव की भूमिका में नजर आए। 'हमारे राम' की लव और कुश से शुरू होने वाली यह प्रस्तुति भगवान राम से उनकी माता सीता के बारे में पूछे गए सवालों पर आधारित रही। 'हमारे राम' दर्शकों को भगवान राम और सीता की अमर कहानी और भगवान सूर्य के माध्यम से उनके शाश्वत प्रेम, कठिनाइयों, परीक्षणों और विजय की यात्रा पर ले जाता है।

## भोपाल के युवाओं की 'गाथा श्री राम मंदिर की' अयोध्या में रचेगी इतिहास

**जागरण, भोपाल।** भोपाल के युवाओं द्वारा आरंभ की गई सांस्कृतिक और आध्यात्मिक प्रस्तुति 'श्रीराम गाथा' अब अपने सबसे गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक पड़ाव पर पहुंचने जा रही है। आगामी 30 दिसंबर को यह भव्य एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित संगीतमय प्रस्तुति अयोध्या में, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा प्रतिष्ठा द्वादशी के पावन अवसर पर आयोजित की जाएगी। भोपाल के युवा कथावाचक एवं निर्देशक मोहित शेवानी के नेतृत्व में यह प्रस्तुति श्रीराम मंदिर प्रांगण, अंगद टीला से शाम 8 बजे आरंभ होगी। इस विशेष मंचन में श्रीराम मंदिर निर्माण तक के 500 वर्षों के संघर्षपूर्ण इतिहास को संगीत, गायन और कथा-वाचन के माध्यम से जीवंत किया जाएगा। इस ऐतिहासिक और भावनात्मक कथा का लेखन प्रख्यात कवि प्रबुद्ध सौरभ द्वारा किया गया है। मोहित शेवानी ने बताया कि 'श्रीराम गाथा' केवल एक मंचीय प्रस्तुति नहीं, बल्कि भक्ति, संगीत और इतिहास का सजीव संगम है। इसकी शुरुआत 7 जनवरी 2024 को भोपाल से हुई थी।


**भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद**
आजाद भवन, आई.पी. एस्टेट, नई दिल्ली 110002

**आईसीसीआर द्वारा विदेशों में तैनात किए जाने वाले शिक्षकों का पैनल**


भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर), विदेश मंत्रालय, भारतीय संस्कृति के शिक्षकों–योग, प्रदर्शन कला शिक्षकों (कथक, भरतनाट्यम, कुचीपुड़ी, ओडिसी, कर्नाटक गायन, हिंदुस्तानी गायन और तबला) और हिंदी शिक्षकों के पैनल के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है, जिन्हें विदेशों में भारतीय दूतावासों/वाणिज्य दूतावास/सांस्कृतिक केंद्रों (आईसीसी) में लघु अनुबंध के आधार पर तैनात किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया आईसीसीआर की वेबसाइट https://www.iccr.gov.in देखें या क्यूआर कोड स्कैन करें।

परिषद द्वारा प्राप्त आवेदनों की जाँच की जाएगी और केवल चयनित उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार/प्रदर्शन के लिए आमंत्रित किया जाएगा। उम्मीदवारों का चयन आईसीसीआर का विशेषाधिकार होगा और इस संबंध में किसी भी प्रश्न पर विचार नहीं किया जाएगा।

इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में अपने आवेदन पत्र, संबंधित प्रमाणपत्रों की प्रतियों के साथ, कार्यक्रम निदेशक (आईसीसी), भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद, आज़ाद भवन, आई.पी. एस्टेट, नई दिल्ली – 110002 को डाक द्वारा एवं ईमेल : iccsection.iccr@nic.in पर **18 जनवरी 2026** तक भेज सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त और बिना सहायक दस्तावेजों वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

## मौसम अपडेट

**प्रदेश के चार महानगरों का तापमान**




**देश के चार महानगरों का तापमान**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 22.3 | 7.7 |
| मुंबई | 31.8 | 16.9 |
| चेन्नई | 32.8 | 18.4 |
| कोलकाता | 21.2 | 12.9 |

सूर्यास्त 5:42 PM | चन्द्रोदय 11:16 AM
सूर्योदय 7:00 AM | चन्द्रास्त 11:24 PM

# धारवासियों का रेल सेवा का सपना होगा साकार, पर्यटन-व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

# मांडू के जहाज महल की तर्ज पर दिखाई देगा धार का रेलवे स्टेशन



**जागरण, धार।** प्रदेश के धारवासियों का वर्षों पुराना रेल सेवा का सपना जल्द साकार होता दिखेगा। यहां रेलवे परियोजना का काम तेज गति से आगे बढ़ रहा है। इस स्टेशन के भवन को विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मांडू के ऐतिहासिक जहाज महल की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। यह स्टेशन को एक अनूठी पहचान देगा और धार और मांडू की ऐतिहासिक-सांस्कृतिक विरासत को देशभर में पहुंचाएगा। फिलहाल, रेलवे स्टेशन परिसर में शेड पर चादर चढ़ाने का कार्य अंतिम चरण में है। निर्माण स्थल पर श्रमिक और मशीनें दिन-रात काम कर रही हैं, जिससे स्टेशन की आकृति अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, परियोजना को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है, जिसमें गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। स्टेशन के साथ-साथ रेल लाइन, प्लेटफॉर्म और अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कार्य भी तेजी से पूरे किए जा रहे हैं। यह नया रेलवे स्टेशन न केवल यात्रियों को आधुनिक और बेहतर सुविधाएं प्रदान करेगा, बल्कि इससे व्यापार, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

## फरवरी से शुरू होगा लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन

**जागरण, इंदौर।** शहरवासियों को नए साल की शुरुआत में बड़ी खुशखबरी मिलने जा रही है। चूंकि नया साल 2026 के फरवरी महीने से लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन पूरी तरह आपरेशनल होने जा रहा है। लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन पर 55 करोड़ की लागत से विकास कार्य चल रहे हैं। इसमें 10 करोड़ से फुट ओवरब्रिज और 45 करोड़ से लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। पश्चिम रेलवे के सूत्रों के अनुसार सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए इस स्टेशन का विकास किया जा रहा है। सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि इंदौर-उज्जैन रेल सेक्शन पर सिंहस्थ में करीब 300 ट्रेनों के संचालन की संभावना है। ऐसे में लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन यात्रियों की सुविधा और ट्रैफिक प्रबंधन दोनों में अहम भूमिका निभाएगा। वर्तमान में स्टेशन पर तीन प्लेटफार्म हैं, जबकि दो नए प्लेटफार्म निर्माणाधीन हैं। इसके साथ ही दो अतिरिक्त रेलवे ट्रैक भी बिछाए जा रहे हैं, ताकि रेल यातायात सुगम हो सकें। इतना ही नहीं प्लेटफार्मों की लंबाई बढ़ाई जा रही है। इससे लंबी दूरी की ट्रेनों का ठहराव आसानी से हो सकेगा।



**बनाया जा रहा 36 फीट चौड़ा फुट ओवरब्रिज :** रेलवे अधिकारियों के अनुसार फिलहाल सिग्नल सिस्टम के स्थानांतरण, भवन तोड़ने और ट्रैक पर पटरियां बिछाने का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। इसके साथ ही बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांग यात्रियों की सुविधा के लिए तीन नई लिफ्टें भी लगाई जा रही है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्टेशन पर 36 फीट चौड़ा फुट ओवरब्रिज बनाया जा रहा है। यह स्टेशन फरवरी से पूरी तरह चालू हो जाएगा।

# भाजपा नेता की कार से कुचले पांच में से दो लोगों की मौत



**जागरण, मुरैना।** जिले के पोरसा में भाजपा नेता दीपेंद्र भदौरिया ने कार से शुक्रवार रात पांच लोगों को रौंद दिया था। यह लोग घर के बाहर अलाव ताप रहे थे, इसी दौरान हादसा हो गया। इनमें रामदत्त राठौर (65) और अर्णव उर्फ अन्नू लक्षकार (11) की देर रात ग्वालियर के अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। रात को नाटकीय ढंग से पुलिस हिरासत से भागे आरोपी को सुबह पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दो घायलों की मौत से आक्रोशित करीब 500 लोगों की भीड़ शनिवार दोपहर नेशनल हाईवे पर जमा हो गई और चक्काजाम कर दिया, जिससे हाईवे के दोनों तरफ जाम लग गया। मौके पर एसडीओपी रवि भदौरिया, एसडीएम रामनिवास सिकरवार, अंबाह टीआई सत्येंद्र कुशवाह पुलिस बल के साथ पहुंचे। अफसरों ने ग्रामीणों से बाइक को कहा तो वे भड़क गए। समझाइश के दौरान मृतक के परिवार की एक महिला ने पोरसा टीआई दिनेश कुशवाह की कॉलर तक पकड़ ली।

**महिला ने पकड़ी टीआई की कॉलर**

**आरोपी को पार्टी से निकाला:** आरोपी नेता पर भाजपा संगठन की ओर से भी कार्रवाई की गई है। शनिवार शाम मुरैना जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह ने दीपेंद्र भदौरिया को गैर जिम्मेदाराना आचरण और व्यवहार करने पर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित करने का पत्र जारी किया है।

## मांगों पर आश्वासन के बाद प्रदर्शन खत्म

हाईवे पर प्रदर्शन के पांच घंटे बाद अफसरों ने आरोपी पर हत्या का केस दर्ज करने, घर बुलडोजर से तोड़ने, मृतकों के परिजनों को शस्त्र लाइसेंस देने और दोनों के परिवार को एक-एक सरकारी नौकरी देने का आश्वासन दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने नेशनल हाईवे-552 से जाम खोल दिया। इस दौरान एसडीएम रामनिवास सिकरवार और एसडीओपी रवि भदौरिया मौजूद थे।

## वनकर्मियों पर कुल्हाड़ी से हमला गार्ड और श्रमिक लहूलुहान



**जागरण, पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व में बीती रात कुल्हाड़ियों की खनक और चीख-पुकार सुनने को मिली। पन्ना से एक बेहद खौफनाक खबर सामने आई है, यहां तस्करों के कारण जंगल की सुरक्षा करने वाले वनकर्मियों को भी अपनी जान बचाने के लाले पड़ गए। दरअसल यह मामला गुमानगंज बीट का है... जहां आधी रात को अवैध कटाई रोकने पहुंचे बीट गार्ड दिनेश चक्रवर्ती और सुरक्षा श्रमिक चेला यादव को अपनी जान बचाने के लाले पड़ गए। चूंकि सागौन के लालची तस्करों ने इन दोनों जांबाज वनकर्मियों को चारों तरफ से घेर लिया। फिर जो हुआ, वो रूह को कंपा देने वाला मंजर है। फिर इन पर लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमले किए, जिसमें किसी का हाथ टूट गया, तो किसी की आंख के पास गहरे जख्म आए हैं। फिर दोनों को इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। फिलहाल, दोनों घायल जिला अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। पुलिस ने इस मामले में चार नामजद आरोपियों पर एफआईआर दर्ज कर, जांच शुरू कर दी है।

## मैंने अपनी बीवी का मर्डर कर दिया है, थाने पहुंचे पति ने बताया

**जागरण, इंदौर।** चरित्र शंका में एक युवक ने अपनी पत्नी की चाकू मारकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद पति सीधे थाने पहुंच गया। थाने पहुंचकर पुलिस से बोला कि मैंने अपनी पत्नी का मर्डर कर दिया है। इतना ही नहीं, युवक ने बताया कि उसकी बेटी बीच बचाव करने आई थी, मैंने उसे भी हमला कर घायल कर दिया। यह अजीबो गरीब मामला इंदौर के लसूडिया थाना क्षेत्र का है। शनिवार सुबह स्कीम नंबर-78 के पास स्थित झुग्गी बस्ती में रहने वाले संजय चौहान का अपनी पत्नी सुमन चौहान (36) से चरित्र शंका को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। शनिवार सुबह विवाद बढ़ गया और संजय ने चाकू से पत्नी पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। इसी दौरान 14 वर्षीय बेटी ने मां को बचाने की कोशिश की, तो आरोपी ने उस पर भी चाकू से वार कर दिया। शिकायत मिलने पर आरोपी के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्रवाई कर उसे जेल भेजा जा चुका था। जेल से लौटने के बाद भी दोनों के बीच झगड़े जारी रहे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

## भाजपा नेता ने पहले चाकू अड़ाकर किया रेप अब पीड़िता को धमकी... मेरा कुछ नहीं होगा

**जागरण, सतना।** चाकू अड़ाकर दुष्कर्म के आरोपी भाजपा नेता पर अब पीड़िता को धमकाने का मामला सामने आया है। पीड़िता को धमकाते हुए भाजपा नेता का वीडियो भी वायरल हुआ है। इसमें भाजपा नेता अशोक सिंह दुष्कर्म पीड़िता को धमका रहा है कि मेरा कुछ नहीं होगा। जहां चाहे शिकायत कर लो। वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र की पुलिस भी सक्रिय हो गई है। पीड़िता का आरोप है कि भाजपा नेता वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे दोबारा शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव डाल रहा था। शिकायत की तो अब धमका रहा है। पीड़िता को धमकी देते हुए भाजपा नेता इस वीडियो में पुलिस अधिकारी को भी गाली दे रहा है कि मेरा क्या होगा, कुछ नहीं होगा। जहां शिकायत कर ले मेरा कुछ नहीं बिगड़ने वाला। वीडियो में पीड़िता के रोने की आवाज सुनाई दे रही है, वह सिसकते हुए शिकायत करने की बात कह रही है। आरोपी अशोक सिंह की पत्नी नगर पंचायत में बीजेपी पार्षद है। पीड़िता ने 22 दिसंबर को इस मामले में शिकायत की थी। युवती एसपी हंसराज सिंह को लिखित शिकायत दी है कि करही (हनुमानगंज) निवासी आरोपी अशोक सिंह छह महीने पहले उसके घर में घुस आया था। उसने चाकू की नोक पर दुष्कर्म किया और आपत्तिजनक स्थिति का वीडियो बना लिया था। आरोपी ने किसी को बताने पर परिवार सहित जान से मारने की धमकी भी दी थी। इसलिए वह चुप रही।



### अब फिर से कर रहा परेशान

घटना के बाद अब फिर 20 दिसंबर को आरोपी उसके पास पहुंचा और छेड़छाड़ की। एसपी ने शिकायत के तुरंत बाद जांच की जिम्मेदारी डीएसपी (मुख्यालय) मनोज त्रिवेदी को सौंपी। आरोपी पहले भी जिलाबदर हो चुका है।

# पटाखा व्यापारी के घर ब्लास्ट पूरा मोहल्ला दहला, चार झुलसे

### लाइसेंसी कारोबारी ने घर में ही रखा था स्टॉक, जांच में जुटी पुलिस

**जागरण, रीवा।** गुढ़ कस्बे में पटाखा कारोबारी के घर ब्लास्ट होने से पूरा मोहल्ला दहल उठा। विस्फोट की तेज आवाज और उठ रहे आग के गोलों से दहशत में आग लोग अपने घर छोड़ बाहर दौड़ पड़े। ब्लास्ट के साथ ही पटाखा व्यापारी के पूरे घर में आग फैल गई। इससे चार लोग बुरी तरह से झुलस गए। बारुद से लगी आग की लपटें इतनी भयावह थीं कि फायर ब्रिगेड का कर्मचारी भी उनकी चपेट में आ गया।

यह विस्फोट शनिवार शाम को गुढ़ इलाके में रहने वाले पटाखा व्यापारी के घर हुआ। बादल पटाखा वाले के नाम से मशहूर व्यापारी ने अपने घर में भी बड़ी मात्रा में पटाखे स्टॉक किए हुए थे। शाम को अचानक पटाखों में आग लग गई। इससे भारी ब्लास्ट होने लगा और देखते ही देखते पटाखों की आग पूरे घर में लग गई। हादसे के दौरान घर में चार लोग मौजूद थे, चारों को भागने का मौका भी नहीं मिला। वे बुरी तरह झुलस गए। धमाकों की आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। सूचना पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन आग बुझाने के दौरान नगर परिषद का एक फायरमैन भी झुलस गया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। सभी घायलों को इलाज के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चार झुलसे हुए लोगों में से महबूब रजक और राहुल खान की हालत चिंता जनक है। अस्पताल अधीक्षक राहुल मिश्रा ने बताया कि दोनों घायलों की हालत गंभीर है उन्हें विशेष निगरानी में रखा गया है। मौके पर पहुंचे पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में अवैध भंडारण को हादसे की बड़ी वजह माना जा रहा है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि व्यापारी ने लाइसेंस की शर्तों और सुरक्षा मानकों का उल्लंघन तो नहीं किया है।



**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबंधक /कार्य/ झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई- टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई- निविदा सूचना संख्या : झाँसी-इन्जी0-एन- 2025-201**

**कार्य का नाम :** झाँसी डिवीज़न प्रोवीजन फॉर गैंग्स टूल्स कम रेस्ट रूम विथ रिक्यूयर्ड एमेनिटीज इन एसटीएलआई - डीएचओ एंड बीएलएनआर-यूडीएमआर सेक्शनस अंडर एडीईएन / ग्वालियर।

**अनुमानित लागत रू.: 21945272.86** | अमानत राशि : **259700.00**

स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 12 माह

**निविदा बन्द होने की तिथि : 21/01/2026 at 15:00 hrs., • निविदा दिनांक 21/01/2026 को 15:00 बजे** तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **2517/25 (D)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**DIRECTORATE OF SPORTS AND YOUTH WELFARE**
T.T. Nagar Stadium, Bhopal-462003
Tel. : +91-755-2778151

**E-TENDERING NOTICE**

The Director, Directorate of Sports & Youth Welfare, M.P. Bhopal invites bids from individuals/organizations with relevant background and experience for **Supply and Installation of Video Board and Score Board at Nathu Barkheda Bhopal (M.P.).** The bids will be received through electronic tendering mode only. The details regarding participation in the e-tendering process can be obtained on **www.mptenders.gov.in** there any queries regarding participation through e-tender process, interested bidder may contact on **Toll Free No. 18002588684.** The corrigendum and addendum issued (if any) related to this bid will be published on e-tendering portal only.

M.P. Madhyam/123704/2025 **DIRECTOR**

**बिजनेस प्लस**



## एक ही कोचिंग सेंटर से 58 छात्रों का एनएलयूएस में चयन, प्रदेश में सर्वाधिक

**भोपाल।** राष्ट्रीय विधि विवि (एनएलयूएस) में प्रवेश के लिए आयोजित कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट) के हालिया परिणामों में भोपाल ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। भोपाल स्थित एक ही कोचिंग सेंटर से कुल 58 छात्रों का विभिन्न एनएलयूएस में चयन हुआ है, जो कि देशभर में किसी एकल सेंटर से सर्वाधिक चयन का रिकॉर्ड है। यह उपलब्धि न केवल छात्रों की कड़ी मेहनत और अनुशासन को दर्शाती है, बल्कि भोपाल को कानूनी शिक्षा की तैयारी के एक उभरते हुए राष्ट्रीय केंद्र के रूप में भी स्थापित करती है। सीमित सीटों और कड़ी प्रतिस्पर्धा वाले क्लैट जैसे राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में इतनी बड़ी संख्या में चयन होना अपने-आप में असाधारण है। सेंटर के वरिष्ठ समन्वयक ने इस अवसर पर कहा, यह सफलता हमारे छात्रों की निरंतर मेहनत, सही मार्गदर्शन और अकादमिक अनुशासन का परिणाम है।

## एलएनसीटीएस को आरजीपीवी नोडल बैडमिंटन पुरुष वर्ग का खिताब

**भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) नोडल बैडमिंटन (पुरुष एवं महिला) प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन वीएनएस कॉलेज, भोपाल में किया। एलएनसीटीएस ने पुरुष वर्ग का खिताब जीता। एलएनसीटी की टीम ने भी सेमीफाइनल में स्थान बनाया और एलएनसीटीई की टीम भी क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने में सफल रही। एलएनसीटी की लड़कियां उपविजेता रहीं। पुरुष वर्ग के फाइनल में एलएनसीटीएस एवं एसआईआरटी के बीच रोमांचक मुकाबले में एलएनसीटीएस ने खताब अपने नाम किया। शानदार प्रदर्शन के आधार पर एलएनसीटीएस से साहिल व्यास, अग्रिम राठौर, अनुराग मिश्रा, एवं एलएनसीटी से सिद्धार्थ राठौर तथा महिला वर्ग मे समृद्धि एवं दर्शना जैन का चयन सतना में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। पुरस्कार वितरण डॉ. केटी चतुर्वेदी डीन स्टूडेंट वेलफेयर आरजीपीवी, डॉ. राजेश त्रिपाठी प्राचार्य, डॉ. बीएस भदौरिया, डॉ. पीएस दारा, डॉ. राजू कनाडे, पंकज कुमार जैन ने किया।



## थिंक गैस ने मप्र में पीएनजी और सीएनजी के दाम घटाए

**भोपाल।** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामकीय बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा एकीकृत शुल्क में संशोधन के बाद थिंक गैस ने मप्र में पीएनजी और सीएनजी की कीमतों में कटौती की घोषणा की है। संशोधित दरें 1 जनवरी 2026 से लागू होंगी, जिससे घरेलू और परिवहन उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। नई दरों के अनुसार घरेलू पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी) की कीमत 5 रुपए प्रति एससीएम घटकर 44 रुपए प्रति एससीएम हो गई है। वहीं सीएनजी की कीमत 2.50 रुपए प्रति किलोग्राम घटकर 88.25 रुपए प्रति किलोग्राम तय की गई है। इससे परिवारों के कुकिंग खर्च में बचत होगी और सीएनजी का उपयोग करने वाले ऑटो, टैक्सी और सार्वजनिक परिवहन ऑपरेटरों की ईंधन लागत कम होगी। थिंक गैस के चीफ मार्केटिंग एवं कॉमर्शियल ऑफिसर विनुकुमार बालकृष्णन ने कहा कि इस कटौती से पीएनजी उपभोक्ताओं को करीब 5 से 6 प्रतिशत की बचत होगी।

## व्यापमं : 12 फर्जी परीक्षार्थियों को पांच-पांच साल की कैद

**जागरण, इंदौर।** विवादित व्यावासिक परीक्षा मंडल व्यापमं की चौदह साल पुरानी परीक्षा में डमी कैंडिडेट की तौर पर शामिल हुए 12 फर्जी परीक्षार्थियों को सीबीआई की विशेष अदालत ने दोषी माना है। अदालत ने सभी 12 फर्जी परीक्षार्थियों को 5-5 साल की जेल की सजा सुनाई है। सभी मुन्ना भाइयों को अदालत के आदेश के बाद जेल भेज दिया गया। शनिवार को इंदौर में सीबीआई की विशेष अदालत ने 2011 में हुई व्यापमं परीक्षा में शामिल 12 फर्जी परीक्षार्थियों को दोषी ठहराया है। अदालत ने 5 साल की कैद के साथ सभी को जुर्माने की सजा से भी दंडित किया है। अदालत ने जांच में पाया कि इन 12 व्यक्तियों ने अनुचित लाभ लेने के लिए असली परीक्षार्थियों की जगह परीक्षा दी थी। इन सभी ने अपनी पहचान छिपाकर दस्तावेजों में हेराफेरी कर परीक्षा केंद्रों में प्रवेश किया था। लंबी कानूनी लड़ाई के बीच मामले इसकी जांच सीबीआई को सौंपी गई थी। सीबीआई ने ठोस सबूतों, फिंगर प्रिंट्स और हैंडराइटिंग मिलान के आधार पर सीबीआई की विशेष अदालत ने शनिवार को अपना फैसला सुनाया। विशेष अदालत का फैसला आते ही सभी दोषियों को जेल भेज दिया गया।

**कार्यालय, अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति**
**संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**
टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2025-26 (C-17)**

**संशोधन**

विज्ञापन क्रमांक **म.प्र. माध्यम/123626/2025** द्वारा विभिन्न समाचार-पत्रों में फार्मेसी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रकाशित काउंसलिंग कार्यक्रम में पंजीयन करने की सुविधा को निम्नानुसार पढ़ा जावे :-

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन | दिनांक 24.12.2025 से 31.12.2025 तक (31.12.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक) |

- पंजीकृत अभ्यर्थी पूर्व में जारी समय-सारणी अनुसार प्रवेश के अवसर की दिनांक/समय को प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होकर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।
- शेष विज्ञापन यथावत रहेगा।
- अध्यक्ष काउंसलिंग समिति, मध्यप्रदेश भोपाल आवश्यकतानुसार समय-सारणी में परिवर्तन कर सकेंगे, जिसकी जानकारी वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध रहेगी।

**संपर्क :- 0755-6720205, 2660441, ई-मेल : dte.helpcenter@mp.gov.in**

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

म.प्र. माध्यम/123702/2025

**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | Union Bank of India** — A Government of India Undertaking

क्षेत्रीय कार्यालय : भोपाल सेन्ट्रल
प्रथम तल, 1513/1/1, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)
rh.bhopal@unionbankofindia.com

संपत्ति विवरण हेतु QR कोड स्कैन करें।

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नवर्णित ऋणियों से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) की निम्नवर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **28 जनवरी 2026** को बेचा जाएगा।

| शाखा का नाम / ऋणी का नाम | ऋणी की संपत्तियों का विवरण | आरक्षित मूल्य / ईएमडी | मांग सूचना अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| **भोपाल कोलार रोड शाखा : भोपाल Mail ID -ubin0929298@unionbankofindia.bank** | | | |
| ऋणी- **श्री अश्विन नाहटा पुत्र श्री प्रमोद कुमार नाहटा एवं श्रीमती राजकुमारी नाहटा पत्नि श्री प्रमोद कुमार नाहटा** सभी का पताः मकान नं. 105 सी, चित्रगुप्त अपार्टमेंट, बंजारी चौराहा, कोलार रोड, भोपाल- 462042 | रिहायशी मकान का समस्त भू भाग स्थित क्षेत्रफल-552 वर्गफीट, फ्लैट क्रमांक 101, प्रथम तल, प्लॉट क्रमांक 02, चित्रगुप्त अपार्टमेंट, बंजारी चौराहा, सी-सेक्टर, कोलार रोड, वार्ड क्रमांक 82, पी.एच. क्रमांक 39, भोपाल-462042, संपत्ति मालिक- श्री अश्विन नाहटा पुत्र प्रमोद कुमार नाहटा, चर्तुसीमाएं (विलेख के अनुसार): उत्तरः प्लॉट क्रमांक 1, दक्षिणः प्लॉट क्रमांक 3, पूर्वः प्लॉट क्रमांक 5, पश्चिमः रोड। **Property ID- UBINBHOBHC0143** | ₹ 11,86,362/- आरक्षित मूल्य का 10% **सांकेतिक कब्जा** | ₹ 10,77,867.50 (मांग सूचना दि. 20.09.2025 के अनुसार) + ब्याज एवं खर्चे |
| **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, आर. आर. लैब शाखा, साकेत नगर रोड, हबीबगंज नाका के पास, भोपाल - 462026** | | | |
| आवेदक- **श्री रूपेश बाथम** सहआवेदक- **श्रीमती जयश्री बाथम** दोनों का पताः एलआईजी-140, डी-ब्लॉक, गौतम नगर, चेतक ब्रिज के पास, म.प्र.-462023 सहबाध्यकारी : **श्री रोहित कुमार बाथम** एमआईजी-36, रामेश्वरम् कालोनी, बागमुगलिया, भोपाल म.प्र.-462023 | संपत्ति का समस्त भू भाग संपत्ति रिहायशी फ्लैट क्षेत्रफल-365 वर्गफिट स्थित फ्लैट नं. एस-03, द्वितीय तल, अरिहंत टावर (बहुमंजिला इमारत), प्लॉट नं. 133 एवं 134, अमलतास गृह निर्माण सोसायटी (स्वर्ण कुंज), कटारा हिल्स, प.ह.नं. 25/43, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, म.प्र. संपत्ति मालिक- श्री रूपेश बाथम और श्रीमती जयश्री बाथम, चर्तुसीमाएंः पूर्व- अन्य प्लॉट, पश्चिम- फ्लैट नं. एस-2, उत्तर- अन्य प्लॉट, दक्षिण- फ्लैट नं. एस-4 **Property ID- UBINBHOBHC1889** | ₹ 9,92,800/- आरक्षित मूल्य का 10% **भौतिक कब्जा** | ₹ 9,47,199.20 (मांग सूचना दि. 12.08.2025 के अनुसार) + ब्याज एवं खर्चे |
| **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, जे.पी. नगर शाखा, डीआईजी बंगला, 148, जे.पी. नगर, भोपाल-462001** | | | |
| ऋणी- **श्री अनूप शर्मा, पुत्र गौरी शंकर शर्मा, प्रोपराइटर - मेसर्स द्वारकाधीस केटर्स,** शॉप नं. 107, इंडियन गैस के पीछे, संजय नगर कालोनी सागर गैरे के सामने, न्यू जेल रोड, हुजूर, भोपाल- 462038 जमानतदार (अब मृतक)- **रचना शर्मा पत्नि अनूप शर्मा द्वारा प्रतिनिधित्व** (बैंक को ज्ञात कानूनी वारिस): **अनूप शर्मा** पुत्र गौरी शंकर शर्मा, **गौरव शर्मा** पुत्र अनूप शर्मा, **राखी शर्मा** पुत्री अनूप शर्मा एवं **हिमानी शर्मा** पुत्री अनूप शर्मा | संपत्ति का समस्त भू भाग संपत्ति रिहायशी फ्लैट नं. एमआईजी- 206 (द्वितीय तल), क्षेत्रफल 42.28 वर्गमीटर स्थित मिलेनियम हैबिटेट, प्लॉट नं. 43, ब्लॉक नं. 2, ब्लैक डोर के सामने, मेडिकल कॉलेज हॉस्टल के पास, शहीद नगर, वार्ड संख्या 6, तहसील हुजूर, जिला भोपाल संपत्ति मालिक- श्रीमती रचना शर्मा पत्नि अनूप शर्मा (मृतक) चर्तुसीमाएं- उत्तरः फ्लैट नं. 208, दक्षिणः फ्लैट नं. 205, पूर्वः गलियारा एवं फ्लैट नं. 207, पश्चिमः खुला। **Property ID- UBINBHOBHC1442** | ₹ 15,89,500/- आरक्षित मूल्य का 10% **भौतिक कब्जा** | ₹ 12,91,636.54 (मांग सूचना दि. 01.08.2025 के अनुसार) + ब्याज एवं खर्चे |

**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 28-01-2026, दोपहर 12.00 से सायं 5.00 बजे तक (10 मिनिट के असीमित विस्तार पर)**

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट देखें। www.unionbankofindia.co.in & https://baanknet.com
पंजीयन, लॉगइन एवं नीलामी के नियम हेतु अवलोकन करें- https://baanknet.com

तारीख : 24.12.2025
स्थानः भोपाल

प्राधिकृत अधिकारी
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

